एक नजर में

15 वां अग्रवैश्य पारिवारिक सम्मेलन 21 को

ग्वालियर, 9 जनवरी। अखिल भारतीय अग्रवाल परिचय सम्मेलन द्वारा ग्वालियर में हर माह की 21 तारीख को अग्रवैश्य पारिवारिक सम्मेलन का आयोजन सिटी प्लाजा शिन्दे की छावनी पर आयोजित किया जाता है, उक्त जानकारी देते हुए राजेश ऐरन राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बताया कि इस आयोजन में सभी वैश्य बन्धु शामिल होते हैं और वैश्य समाज के अन्य घटक माहेश्वरी समाज, खन्डेलवाल समाज, गहोई समाज, माहौर वैश्य समाज, जैन समाज ,माथुर वैश्य समाज, वार्ष्णेय वैश्य समाज के सभी बन्धु एक मंच पर एकत्रित हो कर अपनी सामाजिक एवं पारिवारिक जिम्मेदारियां आसानी से पूरी कर सकें । इसी उद्देश्य को लेकर गत 14 महीने से आयोजन निरन्तर जारी है और इसकी तारीख हर माह 21 होती है, इस बार यह अग्रवैश्य पारिवारिक सम्मेलन एवं मकर संक्रांति पर्व 21 जनवरी को मनाया जाएगा। महिलाओं के लिए व्यंजन प्रतियोगिता भी रखी जाएगी। जिसमें महिलाओं को घर में संक्रांति पर्व पर बनने वाले गुड़ और तिल्ली के व्यंजन को बनाना होगा। इसमें वैश्य समाज की सभी महिलाओं को शामिल किया जाएगा। अग्रवाल परिचय सम्मेलन की नीलम शाह, विनीता तायल, पूनम अग्रवाल, ललिता बंसल, साधना गोयल, मीरा अग्रवाल, शैली अग्रवाल, दीप्ति बंसल, कविता, मंगल, पदमा अग्रवाल, ज्योति अग्रवाल, सुधा अग्रवाल, रेनू मंगल ,शशि गर्ग, प्रीति बिंदल, संगीता अग्रवाल ने सभी महिलाओं से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है ।

जगद्गुरु रामानंदाचार्य का मना प्राकट्योत्सव

ग्वालियर। सनातन धर्म के पुनरुद्धारक और भक्ति आंदोलन के प्रखर आलोकस्तंभ जगद्गुरु स्वामी रामानंदाचार्य का प्राकट्योत्सव शुक्रवार को सिद्धपीठ गंगादास की बड़ी शाला में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बड़ी शाला के पीठाधीश्वर महंत स्वामी रामसेवक दास महाराज ने कहा कि स्वामी रामानंदाचार्य ने उत्तर और दक्षिण भारत के बीच भक्ति का एक मजबूत सेतु निर्मित किया। उन्होंने दक्षिण की भक्ति परंपरा को उत्तर भारत की लोकभाषा से जोड़कर इसे जन-जन तक पहुँचाया। स्वामी रामसेवक दास ने उनके योगदान को रेखांकित करते हुए मुख्य बिंदु साझा किए। इस अवसर पर सियारामदास, रघुवीरदास, रामदास, श्रीदास, धन्वंतरि दास, राम कीशन दास, रामचरणदास, प्रेमदास, कैलाश अग्रवाल और मुकुंद यादव सहित अनेक धर्मप्रेमी उपस्थित रहे। स्वामी रामसेवक दास महाराज ने बताया कि संस्कृत के कठिन पांडित्य के बजाय उन्होंने लोकभाषा में उपदेश दिए, आज जब समाज विभाजक प्रवृत्तियों और सनातन विरोधी चुनौतियों से जूझ रहा है, तब स्वामी रामानंदाचार्य के समरसता और समानता के विचार पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक हैं। धर्म सभा से पूर्व, शाला में भागवताचार्य प्रदीप गोस्वामी के सानिध्य में जगद्गुरु का विधि-विधान से अभिषेक और पूजन कराया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में संतों और श्रद्धालुओं ने सहभागिता की।

सर्दी का कहर जारी जनजीवन अस्त व्यस्त

ट्रेनों की रफ्तार हुई धीमी, यात्री परेशान

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 9 जनवरी. सर्दी का कहर शुरू हो गया है, तापमान लगातार नीचे गिर रहा है। हिमालय से आने वाली सर्द हवा से पूरा शहर कांप रहा है। सर्द हवा के कारण बढ़ी सर्दी से अब गर्म कपडे भी राहत नहीं दे पा रहे हैं। इसके चलते लोगों को कपड़ों की चार से पांच लेयर पहननी पड रही है। वहीं सर्द हवा और घने कोहरे के कारण छतों पर रखा पानी भी बर्फीला हो रहा है। बीती रात सीजन की अब तक की सबसे सर्द रात रही। रात में न्यूनतम तापमान 5 डिग्री दर्ज किया गया जो कि सामान्य से 2.4 डिग्री कम है। इसी प्रकार अधिकतम तापमान 10.4 डिग्री दर्ज किया गया जो कि सामान्य से 11.1 डिग्री कम है। शहर में हाड़ कंपा देने वाली सर्दी शुरू हो चुकी है। इसके चलते लोगों को ना दिन में राहत है और ना ही रात में चैन है। सर्दी के कारण जगह-जगह अलाव जल रहे हैं, तो वहीं घरों एवं प्रतिष्ठानों में हीटर लगाकर सर्दी से बचने का प्रयास किया जा रहा है। सर्दी का सितम इतना है कि अलाव भी लोगों को राहत नहीं दे पा रहे हैं। सर्द हवा के कारण लोगों का घर के बाहर निकलना मुश्किल हो रहा है। वहीं मौसम विभाग के अनुसार दोपहर 4 बजे तक शहर में 8 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से शीतलहर चलती रहेगी। जबकि रात के समय शीतलहर की रफ्तार कम हो जाएगी, लेकिन रात में ठंड से राहत नहीं मिलेगी। मौसम वैज्ञानिक के अनुसार हिमालय से आ रही उत्तरी ठंडी हवाओं के कारण शहर कांप रहा है। पिछले दो दिनों से पड़ रहे घने कोहरे और भीषण सर्दी ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। कोहरे की चादर इतनी घनी है कि दृश्यता बेहद कम हो गई है, जिससे सड़क और रेल यातायात दोनों ही लड़खड़ा गए हैं। हालात ऐसे बन गए हैं कि ट्रेनें तो क्या, बस, कार और दुपहिया वाहन भी रेंग-रेंगकर चलने को मजबूर हैं। सुबह और देर रात के समय स्थिति और भी गंभीर हो जा रही है, जब कोहरे के कारण सामने कुछ ही मीटर तक दिखाई नहीं देता। कोहरे का सबसे ज्यादा असर शुक्रवार को रेल यातायात पर देखने को मिला। दिल्ली और भोपाल की ओर से आने वाली कई ट्रेनें घंटों देरी से ग्वालियर पहुंचीं। स्थिति यह रही कि रात में दिल्ली से चलने वाली ट्रेनें अगले दिन दोपहर बाद स्टेशन पर पहुंच सकीं। लंबी देरी के कारण यात्रियों को प्लेटफॉर्म पर घंटों इंतजार करना पड़ा। ठंड और कोहरे के बीच बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चों को खासा परेशान होना पड़ा।

युवा दिवस पर दो लाख विद्यार्थी व नागरिक करेंगे सामूहिक सूर्य नमस्कार

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 9 जनवरी. ग्वालियर में 12 जनवरी को दो हजार से अधिक शिक्षण संस्थाओं में सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया जाएगा। जिसमें 2 लाख से अधिक विद्यार्थी नागरिक सामूहिक सूर्य नमस्कार करेंगे। जिला मुख्यालय पर मुख्य कार्यक्रम सुबह 9 बजे से शासकीय बालक उमावि शिक्षानगर में होगा। अनेक जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी सूर्य नमस्कार करेंगे ।

युवा दिवस पर आयोजित होने वाले सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम में ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, सांसद भरत सिंह कुशवाह, संभागीय आयुक्त मनोज खत्री, कलेक्टर ग्वालियर रूचिका चौहान, जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गेश कुवर जाटव, उपाध्यक्ष प्रियंका सत्येन्द्र घुरैया, जिला शिक्षा अधिकारी हरिओम चतुर्वेदी, जिला योग प्रभारी दिनेश चाकणकर सहित अनेक जनप्रतिनिधिगण, वरिष्ठ अधिकारी, विद्यार्थी एवं स्वयंसेवी व समाजसेवी संगठनों के प्रतिनिधिगण सहित गणमान्य नागरिक शमिल होंगे। जिला शिक्षा अधिकारी हरिओम चतुर्वेदी ने बताया कि आयोजन में कक्षा 6वीं से 12वीं तक के छात्र-छात्राएं स्वैच्छिक रूप से शामिल हो सकते हैं।

जिला योग प्रभारी दिनेश चाकणकर ने बताया कि जिला.स्तरीय कार्यक्रम के साथ-साथ जिले के सभी विकासखंडों में विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम आयोजित होंगे। विकासखंड भितरवार में उत्कृष्ट भितरवार डबरा में ग्लोबल इंटरनेशनल विकासखंड घाटीगांव के अंतर्गत बरई शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुरार ग्रामीण में शास उमावि संदीपनी बेरजा में विकासखंड स्तरीय सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

युवा दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम सहित शिक्षण संस्थाओं में प्रात: 9:30 से 10:15 बजे तक आकाशवाणी से प्रसारित होने वाले कार्यक्रम में राष्ट्रगीत वंदे-मातरम, स्वामी विवेकानंद का रिकार्डेड ऑडियो और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संदेश का प्रसारण किया जाएगा।

टमटम की बैट्री निकाल ले गए चोर

ग्वालियर 9 जनवरी. अज्ञात चोर घर के सामने खड़ी टमटम में से बैट्री निकाल ले गए। घटना पटेल हाउस बेलदार का पुरा तारागंज की है। जनकगंज थाना पुलिस ने बैट्री चोर की तलाश शुरु कर दी है। दिलीप रजक पुत्र भोगीराम रजक निवासी बेलदार का पुरा टमटम चलाने का काम करता है। 3 जनवरी की रात को दिलीप रजक ने टमटम अपने घर के बाहर खड़ी की थी। सुबह करीब 4 बजे जब वह टमटम देखने आया तो पता चला कि गाडी घर के बाहर नहीं है। दिलीप रजक ने आस-पास के लोगों से पता किया कि कहीं किसी ने दूसरी जगह तो नहीं रख दी, लेकिन सबने मना कर दिया।

वित्त विभाग को प्रस्ताव भेजने का आश्वासन, विधिक राय भी लेंगे

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 9 जनवरी. जीवाजी विश्वविद्यालय स्थायी कर्मी संघ के पदाधिकारी सातवें वेतनमान के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मिलने सीएम हाउस पहुंचे। वहां पहुंचकर उन्होंने संघ के अध्यक्ष यतेंद्र शर्मा के नेतृत्व में ओएसडी से मुलाकात की। अध्यक्ष ने पत्र दिखाकर उन्हें मामले के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि न्यायालय ने सातवें वेतनमान को लेकर उनके पक्ष में निर्णय दे दिया है और विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद् भी इससे सहमत है। इसके लिए उन्होंने उच्च शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव अनुपम राजन से मिलकर निराकरण करने की बात कही।

न्यायालय के आदेश पालन नहीं करने पर अवमानना याचिका भी दायर करेंगे

फोन पर बातचीत के बाद पदाधिकारी बल्लभ भवन में मार्गदर्शन पत्र लेकर एसीएस अनुपम राजन से मिले और पूरे मामले से अवगत कराया। एसीएस ने कहा कि वह इस मामले में प्रकरण का एक प्रस्ताव वित्त विभाग में भेजेंगे और विधिक सलाह भी लेंगे। उन्होंने स्थाई कर्मी संघ के पदाधिकारियों को 15 दिन के दोबारा आने के लिए भी कहा है। अध्यक्ष यतेन्द्र शर्मा ने कहा है कि वह इस पूरे प्रकरण में आगामी 12 जनवरी को न्यायालय के आदेश का पालन न होने पर अवमानना याचिका भी दायर करेंगे। इस मौके पर उपाध्यक्ष प्रशांत सिंह, सचिव द्वारिका प्रसाद झा, संयुक्त सचिव जयराम रजक मौजूद रहे।

हिंदू सम्मेलन के लिए किया भूमि पूजन

ग्वालियर। संजय नगर बस्ती का 11 जनवरी को सुबह 11 बजे आयोजित होने वाले हिंदू सम्मेलन के लिए भूमि पूजन शुक्रवार को गोल पहाड़िया, पुलिस चौकी के सामने मुरली गार्डन में किया गया। सम्मेलन को सफल बनाने के लिए क्षेत्र में प्रतिदिन राम धुन प्रभात फेरी निकाली जा रही है। इस अवसर पर सतीश शुक्ला, अरविंद कुशवाहा, राजेंद्र सेन, उदयभान रजक, श्याम शर्मा, राम शर्मा, बेनी प्रसाद चौरसिया, कल्लू रजक, पप्पू राठौर आदि उपस्थित रहे।

पिछोर में कल होगा हिंदू सम्मेलन

ग्वालियर। सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक चेतना और धर्म रक्षा के उद्देश्य से विराट हिंदू सम्मेलन 11 जनवरी को दोपहर 2 बजे डबरा के पिछोर में कृषि उपज मंडी कल्याणपुर तिराहा पर आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह रामदत्त चक्रधर, मुख्य अतिथि धूमेश्वर धाम भितरवार के महामंडलेश्वर स्वामी अनिरुद्धवन महाराज होंगे। कार्यक्रम से पहले मातृशक्ति द्वारा कलश यात्रा निकाली जाएगी, जो विभिन्न मार्गों से होते हुए कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेगी।

चेम्बर भवन में विद्युत समस्या समाधान शिविर का आयोजन आज

ग्वालियर, 9 जनवरी। म. प्र. चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री में 'विद्युत समस्या समाधान शिविर' का आयोजन प्रत्येक माह के द्वितीय शनिवार को किया जाता है। इसी के तहत आज 10 जनवरी को प्रातः 11:30 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक शिविर आयोजित किया जाएगा । यह कैंप शहर वृत्त ग्वालियर के सभी उपभोक्ताओं के लिए आयोजित है। शिविर में विद्युत वितरण कं. के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहकर, उपभोक्ताओं की समस्याओं का यथासंभव समाधान करेंगे । अध्यक्ष-डॉ. प्रवीण अग्रवाल, संयुक्त अध्यक्ष-हेमन्त गुप्ता, उपाध्यक्ष-डॉ. राकेश अग्रवाल, मानसेवी सचिव-दीपक अग्रवाल, मानसेवी संयुक्त सचिव-पवन कुमार अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष-संदीप नारायण अग्रवाल द्वारा शहर के सभी व्यापारिक एवं औद्योगिक उपभोक्ताओं से उक्त शिविर में पधारकर अपनी समस्या का समाधान करने की अपील की है ।

अधेड़ की उपचार के दौरान मौत

ग्वालियर 9 जनवरी. सड़क हादसे में घायल अधेड़ की 12 दिन के उपचार के बाद हॉस्पिटल में मौत हो गई। दुर्घटना सिरोल इलाके में बीती 27 दिसंबर को हुई थी। जिसमें पुलिस द्वारा आरोपी वाहन चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। सिरोल स्थित शिव नगर कॉलोनी निवासी महेंद्र जाटव उर्फ बापू बीती 27 दिसंबर की सुबह फूटी क्रमांक एमपी 07 एएफ 5568 के चालक ने तेजी व लापरवाही से वाहन चलाते हुए उसे टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसका हॉस्पिटल में इलाज चल रहा था, जहां बीते रोज उसकी मौत हो गई। इसकी सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव का पीएम करवाकर आरोपी चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है।

CHANGE OF NAME

LArmy No. 4377329F Rank NK Name **Thounaojam Ranbir Singh** Unit -6 Assam Regt residence at Mayenglamjno Makha, Leikai, Mayenglamjao, Thoual, Manipur-795103, Have change my Mother name **Elaobe Devi & Date of Birth 02/05/1965** to **Thounaojam Ongbi Chaobi Devi & Date of Birth 12/10/1963,** As par Aadhar No. 4081 9348 1760 for all future purposes vide affidavit date 02/01/2026

CHANGE OF DATE OF BIRTH

Army No. 4377329F Rank NK Name Thounajam Ranbir Singh Unit- 6 Assam Regt residence at Mayenglamjao Makha, Leikai, Mayenglamjao, Thoual, Manipur-795103 As per my daughter **Thounaojam Deepali Devi** in service document his Date of Birth has been mentioned as **13/11/2012** which is incorrect. My daughter correct **Date of Birth 13/11/2014** mention in her aadhar card No. 2961 8248 2292 & Education document. for all future purpose. Vide Affidavit Date 07/01/2026

CHANGE OF NAME

Army No. 4377329F Rank NK Name **Thounaojam Ranbir Singh** Unit-6 Assam Regt residence at Mayenglamjao Makha, Leikai, Mayenglamjao, Thoual, Manipur-795103, Have change my Father name **Th. Jamdhanesor Singh** to **Thounaojam Dhaneshwar Singh,** As par Aadhar No. 8341 7388 7843 for all future purposes vide affidavit date 07/01/2026

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अन्तर्गत मेरी संपत्ति क्षे.क्र. 13 वार्ड क्रमांक 58 स्थान J-8, चेतकपुरी में स्थित है जिसका कंप्यूटरीकृत आई.डी. क्रमांक 1000252816 है जो निगम रिकॉर्ड में श्री ओ.पी. जैन पुत्र राजबहादुर के नाम से नगर निगम में दर्ज है/नहीं हैं, जिसका भवन क्र...... है। उक्त सम्पत्ति को/के भाग को जिसका क्षेत्रफल 1500 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्र. अ 7548 वसीयत/उत्तराधिकार से दिनांक 07/05/1983 को क्रय किया गया। उक्त सम्पत्ति को मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशय हेतु सम्पतिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र क्र. 13 पर दिनांक 09/01/2026 को आवेदन प्रस्तुत किया गया है जिसका कार्य क्र. 78/2011/ 31930/31840 है। उक्त के संबन्ध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था आदि को कोई आपति हो तो कार्यालय आयुक्त, नगर निगम ग्वालियर, मुख्यालय सिटी सेन्टर में स्थित सम्पत्तिकर विभाग के कक्ष क्र. 202, 205 में विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि के अंदर प्रमाण सहित लिखित में अपनी आपति प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।
दिनांक 09.01.2026
आवेदक - आभा जैन पत्नी
स्व. श्री ओमप्रकाश जैन
पताः- जे 8, चेतकपुरी, ग्वालियर
मो. 9425700298

कार्यालय विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण (माधवराव काउण्टर मैग्नेट)

शीतला सहाय प्रशासनिक भवन, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, सौजना - तिघरा, ग्वालियर (म.प्र.)
क्रमांक /विक्षेविप्रा/संपदा/2025/1310
ग्वालियर दिनांक-10/12/2025

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती पुष्पा गुप्ता पत्नी श्री महेश गुप्ता निवास-खोत का बाड़ा, चना कोठार, कंपू ग्वालियर म.प्र. को साडा की आवासीय योजना में सेक्टर-सी ब्लॉक 04 भूखण्ड क्रमांक 34 पार्क एम.आई.जी. 200 वर्ग मीटर आकार का आवंटित किया गया था। श्रीमती पुष्पा गुप्ता द्वारा उक्त भूखण्ड के आवंटन के अंतरण श्रीमती पुष्पा देवी गर्ग पत्नी श्री जमुना दास गर्ग, निवास 24 अनुपम नगर थाटीपुर ग्वालियर के पक्ष में किया जाने की अनुमति हेतु आवेदन मय शपथ पत्र प्रस्तुत किया गया है। यदि किसी संस्था/ व्यक्ति एवं अन्य किसी को कोई आपत्ति होतो वह अपनी आपतित 15 दिवस तक कार्यालय में प्रस्तुत करे नियत तिथि के पश्चात आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं नियमानुसार प्राप्त दस्तावेजों के आधार पर हस्तारण की कार्यवाही की जावेगी।

संपदा अधिकारी
साडा (काउण्टर मैग्नेट)
ग्वालियर

कार्यालय विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण (माधवराव काउण्टर मैग्नेट)

शीतला सहाय प्रशासनिक भवन, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, सौजना - तिघरा, ग्वालियर (म.प्र.)
क्रमांक /विक्षेविप्रा/संपदा/2025
ग्वालियर दिनांक-.../.../2025

मृत्यु नामांतरण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री राकेश शर्मा पुत्र श्री प्रोफेसर आर.डी. शर्मा. निवास-एल-34, माधवनगर, ग्वालियर, म.प्र. को साडा की आवासीय योजना में सेक्टर-सी ब्लॉक-09 भूखण्ड क्रमांक 119 ।ढ्ढल 600 वर्ग मीटर आकार का आवंटित किया गया था। आवंटिती की मृत्यु दिनांक 20/04/2021 को होने के उपरांत उनकी पत्नी श्रीमती स्मारीका पत्नी स्व. श्री राकेश शर्मा निवासी -एल 34, माधव नगर, ग्वालियर म.प्र. द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर उक्त भूखण्ड अपने नाम से नामांतरण करने का अनुरोध किया है। यदि किसी संस्था/व्यक्ति एवं अन्य किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति 15 दिवस तक कार्यालय में प्रस्तुत करें नियत तिथि के पश्चात आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं नियमानुसार प्राप्त दस्तावेजों के आधार पर फोती नामांतरण की कार्यवाही की जायेगी।

संपदा अधिकारी
साडा (काउण्टर मैग्नेट)
ग्वालियर

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा श्रीमती जूहीरानी देव पत्नी श्री धर्मेन्द्र सिंह ने उक्त अचल सम्पत्ति प्लॉट क्र. सी-71 एंव सी-52 स्थित ग्राम रतवाई जिला ग्वालियर में है। जो कि सर्वे क्र. 673/2, 672/2 का भाग 3200 वर्गफुट है। जिसका पटवारी हल्का नं. 117 है, जो मेरी पक्षकारा ने विक्रय अनुबंध पत्र के तहत क्रय करना स्वीकार किया। मेरी पक्षकारा के विक्रेतागण श्रीमती उर्मिला देवी पत्नी श्री लायक सिंह की क्रयशुदा सम्पत्ति ई रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दस्तावेज क्र. एम पी 142592018ए 1579561 तारीखी 14.08.2018 एंव श्री लायक सिंह की क्रयशुदा सम्पत्ति ई रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दस्तावेज क. एम पी142592018ए 1575694 तारीखी 13.08.2018 में अशोक कुमार उर्फ अशोकसिंह पुत्र श्री भगवान सिंह के द्वारा सम्पादित किया। मेरी पक्षकारा के द्वारा किये विक्रय अनुबंध पत्र के तहत चतुरसीमा निम्नानुसार है:- पूर्व में-प्लॉट क्र. 51-सी, पश्चिम में - रोड, उत्तर में - रोड .दक्षिण में- प्लॉट क्र. 71-सी जिसका कुल क्षेत्रफल 3200 वर्गफूट है। लेकिन मेरी पक्षकारा के विक्रेतागण श्रीमती उर्मिला देवी पत्नी श्री लायक सिंह एंव श्री लायक सिंह की क्रयशुदा सम्पत्ति के विक्रेता अशोक कुमार उर्फ अशोकसिंह पुत्र श्री भगवान सिंह के द्वारा विक्रित किये जाने बावत अगर किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, निगम, शासकीय, अशासकीय विभागों या प्राईवेट फायनेंश को या पूर्व विक्रेता अशोक कुमार उर्फ अशोकसिंह पुत्र श्री भगवान सिंह के परिवार सदस्य पुरूषोत्तम पुत्र श्री भगवान सिंह को कोई उज्र व आपत्ति हो तो मय सबूत के नीचे पते पर 7 दिवस के अन्दर उपस्थित होकर आपत्ति पेश करे वरना म्याद गुजरने के बाद कोई उज्र व आपत्ति मान्य व स्वीकार नहीं होगी और मेरी पक्षकारा उक्त अचल सम्पत्ति प्लॉट क्र. सी-71 एंव सी-52 का कुल क्षेत्रफल 3200 वर्गफुट को क्रय करने बावत हाउसिंग लोन की सुविधा जैना स्मॉल फायनेंस बैक लिमिटेड ग्वालियर से आवंटित करा रही है। जो सुचित हो ।
दिनांक 09.01.2026
स्थान ग्वालियर
भवदीय
संजय बाकलीवाल एडवोकेट
चिक संतर मुरार ग्वालियर
मो. 9300981954

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमान रवि रावत पुत्र श्री करन सिंह ने एक अचल संपत्ति जिसका प्लॉट क्र. 14, वार्ड क्र. 09, पटवारी हल्का क्र. 17, धूमेश्वर कॉलोनी से लगा क्षेत्र, ग्राम व तहसील भितरवार एवं जिला ग्वालियर के सर्वे क्र. 959 की होकर जिसकी चतुर्सीमाः- पूर्व में- 20 फुट चौड़ी रोड, पश्चिम में- संपत्ति दीगर, उत्तर में- प्लॉट क्र. 15, दक्षिण में- प्लाट क्र. 13 व कुल क्षेत्रफल 800 वर्गफुट है, को क्रय करने का लिखतम विक्रय अनुबंध-पत्र संपत्ति मालिक श्रीमान रामनरेश सिंह सिकरवार पुत्र श्री मोतीराम सिंह सिकरवार के साथ संपादित किया है। उक्त संपत्ति पूर्व में श्रीमान राधाकिशन उर्फ रामकिशन उर्फ राधाकृष्ण के स्वत्व, स्वामित्व आधिपत्य की थी जिसका उल्लेख राजस्व विभाग के दस्तावेजों में विधिवत दर्ज है जिसमें श्रीमान राधाकिशन उर्फ रामकिशन उर्फ राधाकृष्ण देहांत के पश्चात् उनके वारिस अर्थात श्रीमती चंद्रा (पत्नी) व रूपेन्द्र कर्ण (पुत्र) के नाम राजस्व विभाग में दर्ज किये गये। तत्पश्चात उक्त संपत्ति के अंश भाग में से केवल श्रीमान रूपेन्द्र कर्ण पुत्र स्व. श्री राधाकृष्ण द्वारा श्रीमान रामनरेश सिंह सिकरवार पुत्र श्री मोतीराम सिंह सिकरवार को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख दस्तावेज क्र. MP142622024A1863972 व दिनांक 05.07.2024 से विक्रय की गई। तदानुसार श्रीमान रामनरेश सिंह सिकरवार पुत्र श्री मोतीराम सिंह सिकरवार द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र विलेख शीघ्र ही क्रेता के पक्ष में संपादित किया जाने वाला है। अतः उक्त संपत्ति को मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय, बैंक या किसी अन्य उत्तराधिकारी का किसी पूर्ण या अंश भाग पर या किसी भी संस्था की कोई राशि अवशेष हो तो इस सूचना के प्रकाशन से 07 (सात दिवस) की अवधि में विधिवत अपने दावे के समर्थन में समस्त प्रपत्र सहित मेरे कार्यालय में संपर्क कर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा वर्णित अवधि के अवसान उपरांत समस्त आपत्तियां इस सूचना प्रपत्र के समक्ष व्यर्थ, शून्य व प्रभावहीन होगी और उक्त संपत्ति पर प्रदत्त ऋण हेतु बंधककर्ता वित्तीय संस्थान का अधिकार सर्वोपरि होगा। कृपया सूचित हो। इति दिनांक 09.01.2026

प्रेषक-**विशाल अग्रवाल** (एडवोकेट)
कार्यालय -"मैसर्स श्री हीरानन्द लीगल कंसल्टेंट"
ग्राउंड फ्लोर, यादव मार्केट, जीवाजी यूनिवर्सिटी गेट नंबर 2 के पास, सिटी सेंटर ग्वालियर मो.9826820987

आम सूचना

श्री अतर सिंह पुत्र श्री लाल सिंह के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भवन, स्थित लाल साहब का बगीचा, मुरार, तहसील एवं जिला ग्वालियर (म.प्र.) है जो नगर निगम ग्वालियर वार्ड क्र.26 में स्थित है एवं जिसका क्षेत्रफल 480 वर्गफुट है और चर्तुसीमा निम्न प्रकार है:- पूर्व में-भवन सुरेश सिंह, पश्चिम में-भवन अशोक सिंह, उत्तर में-भवन दलवीर सिंह एवं दक्षिण में-रास्ता है। उक्त सम्पत्ति पूर्व में श्रीमती रामकली पत्नी श्री महाराज सिंह परमार द्वारा श्रीमती बेटीबाई पत्नी श्री लाल सिंह को रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.3560 दिनांक 22.01.2004 से विक्रय की गई। श्रीमती बेटीबाई का स्वर्गवास दिनांक 27.01.2018 को हो जाने के उपरांत, उनके उत्तराधिकारी श्री अतर सिंह पुत्र श्री लाल सिंह उनकी सम्पत्ति के मालिक हुये एवं नगर निगम ग्वालियर में अपना नाम इंद्राज कराया गया। श्री अतर सिंह द्वारा उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार इण्डिया शैल्टर फायनेंस कॉर्पोरेशन लि. ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं श्रीमती बेटीबाई के अन्य उत्तराधिकारियों को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर एवं अन्य प्रकार के हित-निहित होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो ।
प्रेषक
नीरज जैन, एडवोकेट
कार्या. -भवन क्र. 52, कैलाश विहार,
फैडरल बैंक के पास सिटी सेन्टर, ग्वालियर
(म.प्र.), मो.नं. 98276-72710

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा रेखा पत्नी श्री कनहिया जाटव ने उक्त अचल सम्पत्ति प्लॉट क्र. 42 स्थित लक्ष्मी नारायण बिहार कॉलोनी ग्राम गिरवाई जिला ग्वालियर में है जो कि सर्वे क्र. 351/1/3/1, 351/3/मिन-1 का भाग 900 वर्गफुट है। जिसका म्यु. वार्ड क्र . 65 है, जो मेरी पक्षकारा ने विक्रय अनुबंध पत्र के तहत क्रय करना स्वीकार किया। मेरी पक्षकारा के विक्रेता श्रीमती सायरा खान पत्नी श्री आजीव खान की क्रयशुदा सम्पत्ति रजिस्टर्ड विकय पत्र दस्तावेज ई रजिस्ट्रेशन नं. एम पी 142602022ए177715 तारीखी 25.07.2022 मे लक्ष्मीनारायण गोले, हरिसिंह, देशराज प्रजापति, हाकिम सिंह पुत्रगण श्री देवीलाल प्रजापति से क्रय किया। मेरी पक्षकारा के द्वारा किये विक्रय अनुबंध पत्र के तहत चतुरसीमा निम्नानुसार है:- पूर्व में-रास्ता, पश्चिम में-भूमि विक्रेता, उत्तर में-रास्ता, दक्षिण में-भूमि विक्रेता जिसका कुल क्षेत्रफल 900 वर्गफुट है। लेकिन मेरी पक्षकारा के पूर्व विक्रेतागण लक्ष्मीनारायण गोले, हरिसिंह, देशराज प्रजापति, हाकिम सिंह पुत्रगण श्री देवीलाल प्रजापति द्वारा अचल सम्पत्ति प्लॉट मेरी पक्षकारा के विक्रेता श्रीमती सायरा खान पत्नी श्री आजीव खान को विक्रित किये जाने बावत अगर किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, निगम, शासकीय, अशासकीय विभागों या प्राईवेट फायनेंश को या पूर्व विक्रेतागण लक्ष्मीनारायण गोले, हरिसिंह, देशराज प्रजापति, हाकिम सिंह पुत्रगण श्री देवीलाल प्रजापति परिवार के किसी सदस्य को कोई उज्ज व आपत्ति हो तो मय सबूत के नीचे पते पर 7 दिवस के अन्दर उपस्थित होकर आपत्ति पेश करे वरना म्याद गुजरने के बाद कोई उज्र व आपत्ति मान्य व स्वीकार नहीं होगी और मेरी पक्षकारा उक्त अचल संपत्ति प्लॉट का कुल क्षेत्रुफल 900 वर्गफुट को क्रय करने बावत हाउसिंग लोन की सुविधा बंधन बैंक लिमिटेड सिटी सेंन्टर ग्वालियर से आवंटित करा रही है। जो सुचित हो ।
दिनांक 09.01.2026
स्थान ग्वालियर
भवदीय
संजय बाकलीवाल एडवोकेट
चिक संतर मुरार ग्वालियर
मो. 9300981954

आम सूचना

श्री मुन्नालाल कुशवाह पुत्र श्री बुद्ध सिंह कुशवाह के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भूखण्ड क्र. 33, ब्लॉक-जी स्थित ग्राम डांगगुठीना, प.ह.नं.59 (पुराना) एवं 102 (नया), रा.नि.मं.मुरार, विकासखण्ड मुरार, तहसील एवं जिला ग्वालियर (म.प्र.) है जो भूमि सर्वे क्र.404/मिन-6 ग्राम डांगगुठीना का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 1250 वर्गफुट है और चर्तुसीमा निम्न प्रकार है:- पूर्व में-सम्पत्ति दीगर, पश्चिम में-रास्ता 20 फुट चौड़ा, उत्तर में-सम्पत्ति मेहताब सिंह एवं दक्षिण में-भूखण्ड दीगर है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में श्री प्रकाशचंद जैन पुत्र श्री मूलचंद जैन द्वारा श्री रामनरेश शर्मा पुत्र श्री किशुन बिहारी शर्मा को रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.3640 दिनांक 09.01.1990 से विक्रय की गई। श्री रामनरेश शर्मा द्वारा अपने भाग की सम्पत्ति के संबंध में श्री अरविन्द किरार पुत्र श्री कल्याण सिंह किरार के हित में रजिस्टर्ड मुख्त्यारआम विलेख क्र.2217 दिनांक 20.10.2011 को सम्पादित किया गया। श्री रामनरेश शर्मा जर्ये मुख्त्यारआम श्री अरविन्द किरार द्वारा उक्त सम्पत्ति श्री बृजपाल सिंह पुत्र श्री घमण्डी सिंह को रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.2214 दिनांक 28.11.2011 से विक्रय की गई। श्री बृजपाल सिंह द्वारा उक्त सम्पत्ति श्री मुन्नालाल कुशवाह पुत्र श्री बुद्ध सिंह कुशवाह को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.एमपी 142592019ए1587900 दिनांक 20.08.2019 से विक्रय की गई। उक्त सम्पत्ति के वर्तमान स्वामी द्वारा ऐसा अवगत कराया गया है कि उक्त विक्रय विलेख दिनांक 09.01.1990 की मूलप्रति गुम हो गई है। श्री मुन्नालाल कुशवाह द्वारा फर्म कुशवाह ट्रेडर्स हेतु उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार ए.यू. स्मॉल फायनेंस बैंक लिमिटेड ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय को उक्त विक्रय विलेख दिनांक 09.01.1990 की मूलप्रति प्राप्त हों तो वह मूल दस्तावेज प्रदान करें अथवा उसके सम्बन्ध में कोई हित रखते हों अथवा उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार ए.यू. स्मॉल फायनेंस बैंक लिमिटेड ग्वालियर के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर मेरे कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार ए.यू. स्मॉल फायनेंस बैंक लिमिटेड ग्वालियर के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो ।
प्रेषक
नीरज जैन, एडवोकेट
कार्या. -भवन क्र. 52, कैलाश विहार,
फैडरल बैंक के पास सिटी सेन्टर, ग्वालियर
(म.प्र.), मो.नं. 98276-72710